भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2506

दिनांक 17 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

पीएमएसएसवाई के अंतर्गत एम्स जैसे संस्थानों के कार्य को पूरा करने की समय-सीमा

2506 श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के प्रथम चरण के अंतर्गत स्थापित एम्स जैसे संस्थानों की वर्तमान स्थिति क्या है, और उनका कार्य पूरा होने की समय-सीमा क्या है;

(ख) क्या इनमें से किसी संस्थान का कार्य पूरा होने में देरी हो रही है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इन संस्थानों के कार्य को समय पर पूरा करने और उनका पूर्ण संचालन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के प्रथम चरण के अंतर्गत निम्नलिखित छह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थापित किए गए, अर्थात् एम्स जोधपुर, एम्स पटना, एम्स ऋषिकेश, एम्स भोपाल, एम्स भुवनेश्वर और एम्स रायपुर। ये संस्थान पूरी तरह से कार्यशील हैं।

****